तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023

4
सात सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल जारी, काम प्रभावित

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार
योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

पेड़ से टकराया ट्रैक्टर चालक घायल

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगुरसिया और बंजारी मंदिर के बीच हादसा हुआ हैं। डंपर के कट मारने पर ट्रैक्टर चालक ने बचाव करते हुए नियंत्रण खो दिया। जिससे ट्रैक्टर की ट्राली और इंजन अलग-अलग हो गया। ट्रॉली इंजन से अलग होकर रोड से नीचे उतरकर पेड़ में टकरा गई तो वहीं इंजन 100 मीटर दूर जाकर पलट गया। हादसे में चालक को गंभीर चोटे नहीं आई है। घटना 12 बजे की है। ट्रेक्टर तमनार थाना क्षेत्र के जांजगीर निवासी अमल साय राठिया का बतलाया जा रहा हैं। वही चालक कन्हैया पटेल होना बताया जा रहा है। चश्मदिदों के मुताबिक चालक रायगढ़ की ओर से हमीरपुर तरफ जा रहा था। चालक के नाक और पैर में चोट आई है, जिसे प्राथमिक उपचार हेतु बंगुरसियां अस्पतला राहगीरों के द्वारा ले जाया गया है।

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले पर हुई कार्रवाई

रायगढ़। शहरी सहित समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते करीब 15 दिनों के भीतर चार थाना क्षेत्रों से 95 शराबियों को शराबखोरी करते हुए गिरफ्तार किया गया है।
गौरतलब है कि सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करना गैरकानूनी है, ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति के लिए भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई की जाती है। बीते करीब 15 दिनों में यानी 1 से 15 दिसंबर तक कोतवाली, जूटमिल, कोतरा रोड व चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार कार्रवाईयां करते हुए सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार इन 15 दिनों के भीतर करीब 95 लोगों पर धारा 36 (च) 1 के तहत कार्रवाई की गई है। इसमें सबसे अधिक मामले कोतरा रोड थाना में दर्ज किया गया है।

नर्तक दल पंथी नृत्य के लिए प्रविष्टि 20 तक

रायगढ़। गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोककला यथा लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य जैसे पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी परम्परागत लोक वाद्य आदि में लोक कलाकारों के प्रतिभा की पहचान करना तथा कलाकारों की प्रतिभा को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं विकास करने के उद्देश्य से योजना संचालित है। इस योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए अनुसूचित जाति लोक कला नर्तक दलों से प्रविष्टियाँ प्राप्त कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इच्छुक अनुसूचित जाति लोक कला नर्तक दल पंथी नृत्य अपनी प्रविष्टि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में 20 दिसम्बर तक प्रस्तुत कर सकते है। जिला स्तर पर आयोजित कार्यकम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित दलों को राज्य स्तरीय कार्यकम हेतु भेजा जायेगा।

11 हजार 400 मकान निर्माणाधीन

जिले में 57 हजार 8 सौ पीएम आवास बनाने का लक्ष्य, 80 प्रतिशत पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 57 हजार 793 प्रधानमंत्री आवास निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वर्तमान की स्थिति में करीब 80 फीसदी आवास का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं 11 हजार 400 मकान निर्माणाधीन हैं। हाल ही में राज्य की इन सरकार ने 18 लाख पीएम आवास निर्माण की बात कही हैं, ऐसे में नवीन वर्ष के आवास के लक्ष्य का इंतजार किया जा रहा है।

गौरतलब है कि राज्य की साय सरकार ने बीते दिनों हुए अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में राज्य में करीब 18 लाख पीएम आवास के निर्माण को मंजूरी दे दी है। ऐसे में तमाम जिलों में पीएम आवास की स्थिति का आंकलन किया जा रहा है। यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि मंत्रीमंडल के गठन होने के बाद पीएम आवास योजना के तहत नए लक्ष्य जिलों को दिए जाएंगे। सभी स्पष्ट से पता चलेगा कि आने वाले समय में कितने नए हितग्राहियों को इसका लाभ दिया जाएगा। फिलहाल वर्तमान की बात करें तो वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 57 हजार 793 प्रधानमंत्री आवास निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वर्तमान की स्थिति में करीब 80 फीसदी आवास का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं 11 हजार 400 मकान निर्माणाधीन हैं।

फैक्ट फाइल

विकासखंड	पूर्ण	निर्माणाधीन
धरमजयगढ़	10574	4002
घरघोड़ा	3856	1001
खरसिया	7584	1985
लैलूंगा	3210	1467
पुसौर	9423	1402
रायगढ़	8045	974
तमनार	3701	569

47 हजार से अधिक को सपना होगा पूरा

प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले के 7 विकासखण्डों में 47 हजार 889 परिवारों को खुद का पक्का मकान जल्द मिलेगा। जिसमें धरमजयगढ़ से 5021, घरघोड़ा में 2103, खरसिया में 4489, लैलूंगा में 5335, पुसौर में 9458, रायगढ़ में 9073 एवं तमनार में 1010 परिवारों को आवास योजना का लाभ मिलेगा। इसमें पूर्व के स्वीकृत 11 हजार 400 मकान भी शामिल है।

वर्तमान स्थिति पर एक नजर

आंकड़ों की बात करें तो जिले के 7 विकासखंड में 57 हजार 793 में से 57 हजार 559 को पहली किश्त, 52 हजार 985 को दूसरी किश्त, 49 हजार 523 को तीसरी किश्त तथा 21 हजार 330 को चौथी किश्त जारी हो चुकी है। जानकारी के अनुसार 46 हजार 393 मकानों का निर्माण वर्तमान मे पूर्ण हो चुका है।

क्या कहते हैं हितग्राही

ग्राम कोड़ातराई के जागेश्वर सिंह सिदार का कहना है कि हमारे पास अपना खुद का कच्चा मकान था। जिसमें हम बरसो से सपरिवार रहते आ रहे है। सबसे ज्यादा बरसात के दिनों में समस्या होती थी। जहां पानी टपकता रहता थाए खूब बरसात होने से दीवालों में नमी भी आ जाती थी। जिससे हर समय एक डर बना रहता था कि कही मकान का कुछ हिस्सा गिर न जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और हमारा कच्चा मकान, पक्का मकान में तब्दील होने लगा, लेकिन एक आखिरी किश्त न मिलने के कारण मकान अधूरा पड़ा है। ढलाई तो हो गयी है लेकिन छबाई होना बाकी है। अंतिम किश्त मिलने से मकान पूरा हो जाएगा।

ग्राम-बोतल्दा अनिल केवट ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ तो मिला है लेकिन आखिरी किश्त न मिलने से काम रूका हुआ था। वर्तमान में तीसरा किश्त मिलने से अब मकान का कार्य अंतिम चरण में है। जिससे जल्द ही अपना स्वयं का पक्का मकान बन जाएगा।

रायगढ़ व सारंगढ़ में 240 पुलिस जवानों की जल्द होगी भर्ती

आचार संहिता के कारण रूकी थी प्रक्रिया, अब रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस जवानों के करीब 6 हजार रिक्त पदों के लिए आवेदन अक्टूबर माह में आमंत्रित किए थे, किंतु विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण यह भर्ती प्रक्रिया रूक गई थी। चुनाव की तमाम प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अब फिर से इन भर्तियों के लिए रास्ता साफ हो चुका है।

जानकारी के अनुसार राज्य भर के लिए करीब 5 हजार 967 पदों के लिए नोटिफिकेशन बीते 4 अक्टूबर को जारी किया गया था। मुख्यालय छत्तीसगढ़ बल में 133 वैकेंसी के लिए 6 अक्टूबर को नोटिस जारी किया गया था। इन दोनों ही भर्तियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 20 अक्टूबर से शुरू की गई थी। राज्य में आचार संहिता लागू होने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। किंतु चुनावी प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद एक बार फिर 15 दिसंबर से शुरू हो गई है। 1 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार आरक्षक जीडी 5 हजार 1110, वाहन चालक 235 व ट्रेड्समैन 623 पदों पर भर्ती होगी। आंकड़ों की बात करें तो रायगढ़ जिले में 124 तथा सारंगढ़ 116 जवानों की भ्रर्ती की जाएगी। इसके लिए 12वीं या समकक्ष परीक्षा पास, आयु सीमा 18-28 वर्ष, अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी के उम्मीदवारों को आयुसीमा में 5 वर्ष तक की छूट दी जाएगी। इस प्रक्रिया में दस्तावेजों का सत्यापन, पीएसटी, शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा शामिल है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक 100 मीटर तथा 800 मीटर दौड़ शामिल है।

देश में चार्टर्ड एकाउंटेंट का नया लोगो, अब कहलाएंगे सी इण्डिया

पंकज तिवारी ⏭ रायगढ़

खास खबर

दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउटेंट्स इंडिया आईसीएआई ने अपनी 75वीं वर्षगांठ और प्रोफेशन व संस्थान को नया कलेवर देने के लिए सालों बाद नया लोगो लॉन्च किया है। देश भर के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सीए नया सीए लोगो इस्तेमाल कर सकेंगे। लोगो में पहली बार तिरंगा और इंडिया शब्द शामिल किया है, जिससे विदेशों में भारतीय सीए की पहचान और अधिक आसान हो जाएगी। लोगो के इस्तेमाल को लेकर आईसीएआई ने देशभर के सीए के लिए 13 पेज की गाइडलाइन जारी की है।

गौरतलब है कि आईसीएआई की स्थापना पार्लियामेंटरी एक्ट के तहत 1950 में हुई थी। अब तक पुराने लोगो का इस्तेमाल होता थाए जिसमें अंग्रेजी में सीए शब्द के साथ केवल हरे रंग का एक टिक का निशान था। आईसीएआई ने अपने प्रोफेशन में नयापन लाने के लिए नए सीए इंडिया लोगो का पंजीकरण आवेदन ट्रेडमार्क प्राधिकरण को भेजा, जिसे ट्रेडमार्क रजिस्ट्रार ने अनुमति दे दी है।

दो टिक के साथ अंग्रेजी में लिखा है सीए

विस्तृत गाइडलाइन दी गई

सीए प्रोफेशन को नई पहचान देने के लिए सालों बाद नया लोगो लॉन्च किया गया है। इसके उपयोग को लेकर भी विस्तृत गाइडलाइन दी गई है।

– **गुलशन अग्रवाल,** सीए

दो रंगों के उलटे टिक मार्क हैं नए लोगों में

नए लोगो में सीए अक्षर के साथ दो टिक मार्क उल्टा हैं जो सफेद पृष्ठभूमि के साथ इंडिया शब्द के साथ तिरंगे में प्रदर्शित हो रहे हैं। लोगो में केंद्र सरकार की अनुमति के बाद इंडिया शब्द शामिल किया है। नए लोगो को आधुनिक समय में पेशे की गतिशीलता को बताने के लिए कलात्मक रूप से डिजाइन किया गया है। पेशे की वर्तमान मान्यताओं, दृष्टिकोण और मूल्यों को समाहित किए हुए है। नए लोगो को अनुमति मिलते ही आईसीएआई ने अपनी वेबसाइट के होम पेज पर प्रमुख रूप से इसे लगाया है। होम पेज पर ही पूरी स्क्रीन जितना नया लोगो उसे डाउनलोड करने का लिंक और उसके मैनुअल का लिंक दिया गया है।

विधायक व कलेक्टर सुबह से निकले शहर के निरीक्षण पर

शहरी विकास कार्यों का रोडमैप तैयार करने का उद्देश्य, राजस्व व निगम अमला भी साथ में

रायगढ़। रायगढ़ में शहरी व अधोसंरचना विकास कार्यों का रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य के साथ विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव के साथ सुबह से शहर के निरीक्षण में निकले। इस दौरान राजस्व और नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी भी साथ रहे।

इस दौरान शहर के केलो रीवर फ्रंट मरीन ड्राइव, संजय मैदान, दूध चिलिंग प्लांट राजीव नगर, संडे मार्केट, पॉलीटेक्निक कॉलेज, पंजरी प्लांट, पोल्ट्री फार्म, सांगीतराई व कोसमनारा में निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान विधायक ओपी चौधरी ने इन जगहों पर आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने स्थल चिन्हांकन हेतु चर्चा की और पूरे विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडेय, नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गगन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर व नजूल अधिकारी रमेश मोरख तहसीलदार लोमश मिरी सहित राजस्व और नगर निगम के आरआई पटवारी उपस्थित रहे।

रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का दिल्ली में गुड्स शेड वर्कर्स मंथन

रायगढ़। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन द्वारा आयोजित और स्किल इंडिया, भारत सरकार द्वारा समर्थित रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023 डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सभी प्रकार के सरकारी लाभ की मांग को लेकर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर इस महासम्मेलन मंथन 2023 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को शुभकामनायें और समर्थन देते हुए उपस्थित थे भारत सरकार की माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय के राज्य मंत्री जॉन बारला साथ में उपस्थित थे मेंबर फाइनेंस, प्रसार भारती और पूर्व चीफ लेबर कमीशनर सेंट्रल डीपी इस नेगी, श्रम एवं कल्याण की डीजी डब्ल्यू विभाग से उप श्रम कल्याण आयुक्त निरंजन कुमार, उप महानिदेशक डॉ. ओंकार शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त मुख्यालय ओम प्रकाश सिंह, सहायक श्रम आयुक्त मुख्यालय, कुमार अमृतेश, श्रम प्रवर्तन

अधिकारी मुख्यालय, डॉ. अब्दुल कादर, डिप्टी सीएलसी नई दिल्ली, डॉ. आरजी मीना, डिप्टी सीएलसी मुख्यालय, सुशील कुमार और रजिस्ट्रार एनएचआरसी बृजवीर सिंह भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. परिमल कांति मंडल, संगठन के उपाध्यक्ष इंदुशेखर चक्रवर्ती, केंद्रीय समिति के सदस्य और भारत के विभिन्न राज्यों के रेलवे माल गोदामों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परिमल कांति मंडल ने कहा कि ब्रिटिश शासन के बाद से इन रेल माल गोदाम श्रमिकों के शोषण के खिलाफ बीआरएमजीएसयू के लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप, इन श्रमिकों को विभिन्न सरकारी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। अब देश भर में लगभग दस लाख रेल माल गोदाम श्रमिकों को सरकारी मर्यादा से लेकर न्यूनतम मजदूरी, बीमा, पेंशन, माल गोदामों में पीने का पानी, शौचालय तक का लाभ मिला है। हम स्वस्थ और सुरक्षित कामकाजी माहौल बनाए रखने के लिए रेल माल गोदाम श्रमिकों को प्रशिक्षित करने के लिए भारत सरकार के स्किल इंडिया के साथ मिलकर काम करने का जिम्मेदारी मिली है।

विकसित राष्ट्र बनाने का सपना विजन के रूप में पूरा कर रहे प्रधानमंत्री : विधायक

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से इस आयोजन में उपस्थित रहे। कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयलए एसएसपी सदानंद कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर, डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी उपस्थित रही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि श्विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे छोटे कस्बे हैं। आज छत्तीसगढ़ से भी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मेरी नई सरकार से आग्रह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी चिंता कम करने

का प्रयास कर रही है। 2047 में देश विकसित होकर रहेगाए इस विचार को लेकर चलना है। इस वातावरण को बनाने में यह संकल्प बहुत काम आयेगा। आप सभी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएं। स्थानीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या.क्या आवश्यकताएं होती हैए इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है। देश जब अपनी आजादी का 100 वीं वर्षगांठ मनायेगी तो विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे है, जिसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध है जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। यह रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जायेगी जहां 17 प्रकार की विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपील की। इस मौके पर विधायक ओपी चौधरी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक लोग इस जुड़कर लाभान्वित हो सके। इस दौरान विधायक ओपी चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ ⏭ शेष पेज 2 पर

विभागों ने लगाए स्टॉल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में विभागों ने अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये थे। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,बीसी सखी सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना नवीन पंजीयन सुधार केन्द्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, आधार सुधार पंजीयन आदि शामिल थे। विभागों द्वारा इन सभी योजनाओं की जानकारी लोगों को प्रदाय की जा रही थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया।

महिला हितग्राहियों को मिली उज्जवला गैस कनेक्शन का लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज 5 हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन से लाभान्वित किया गया। इनमें जूटमिल रायगढ़ की सकली देवी केंवट, वार्ड नंबर 2 की राधा महंत,अंजली झा, सरस्वती साहू एवं गीता देवी शामिल थी। सभी महिलाएं उज्जवला गैस कनेक्शन पाकर काफी खुश नजर आयी।

खबर संक्षेप

शीतलहर के कारण विद्यालयों के समय में किया परिवर्तन

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 15 दिसंबर 2023 से 15 जनवरी 2024 तक के लिए जिले में संचालित होने वाले समस्त विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। परिवर्तन समय अनुसार दो पाली में संचालित होने वाले शालाओं में प्रथम पाली में सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवम द्वितीय पाली में अपराह्न 12:45 से 4:15 बजे तक संचालित होगी। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाले शालाएं सोमवार से शनिवार तक प्रातः 10:00 बजे से 3:30 बजे तक संचालित होगी।

20 को खोला जाएगा आमंत्रित निविदा

जशपुरनगर। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा बीआरसी भवन मरम्मत कार्य, छात्रावास आश्रमों में बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, छात्रावास आश्रमों में बाऊण्ड्रीवॉल वायर फेसिंग के कार्य का निविदा एवं क्रीड़ा परिसर जशपुर में उन्नयन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है। जिसे 07 अक्टूबर 2023 से विधानसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण निर्धारित तिथि में निविदा नहीं खोली गई थी। आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समस्त प्राप्त निविदा का 20 दिसंबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय में खोला जाएगा। जिसमें इच्छुक ठेकेदार निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है।

पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

जशपुरनगर। राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाली क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इसके तहत रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्धान ने बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिए शासन द्वारा बजाज आलियांज जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। इन अधिसूचित फसलों पर कृषकों को प्रीमियम राशि (प्रति हेक्टेयर) देय होगी। इस योजना में पुनर्गठित मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु अधिसूचित फसल के लिए ऋणी कृषकों को अंतिम तिथि 31 दिसम्बर से पहले निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियां, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल, डॉक विभाग के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं।

सार्वजनिक जगह पर शराब पीने पिलाने वाले 19 आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 19 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। इसी कडी में 14 दिसंबर को जिले के थाना व चौकी स्तर पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नैला चौकी क्षेत्र में 3, अकलतरा थाना क्षेत्र में 1, पामगढ़ थाना क्षेत्र में 10 , नवागढ़ थाना क्षेत्र में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नैला पुलिस ने वार्ड क्रमांक 10 नैला में संतोष यादव, प्रकाश निर्मलकर और वार्ड क्रमांक 5 निवासी संतोष कुमार कश्यप को पकड़ा। अकलतरा पुलिस ने अकलतरा के वार्ड क्रमांक 15 निवासी नरेश बंजारे को गिरफ्तार किया। नवागढ़ पुलिस ने नवागढ़ निवासी खोलेश्वर जलतारे, मनहरण जलतारे, मुन्ना जलतारे, बरभांठा निवासी मनोज रत्नाकर को पकड़ा। पामगढ पुलिस ने मेऊ निवासी मनोज यादव, दिलीप कुमार साहू, अरूण यादव, उरैया निवासी साजन पाटले, राहुल बंजारे, देवेन्द्र लहरे, अवरीद निवासी संतोष उर्फ दुकालू यादव, कोसला निवासी परमेश्वर साहू, भैसों निवासी जयकरण केवर्त, भदरा निवासी दिलेश्वर यादव और केपटाडीह थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर निवासी जीवन सतनामी को पकड़ा। सभी के विरूद्ध धारा 36 च (1) एवं 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

स्वागत में फूटे फटाके, जमकर की गई आतिशबाजी

छत्तीसगढ़ में बहेगी विकास की गंगा: कौशिल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के रायपुर से सड़क मार्ग होते हुए गृह ग्राम बगिया पहुंचने पर ग्रामीणों ने नृत्य कर, फटाके फोड़कर, ढोल, नगाड़ों, फूल माला पहनाकर जमकर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान महिलाओं ने आरती उतार कर खुशियां बिखेरी। गांव पहुंचते ही मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने शिव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान से परिवार और प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की।

उन्होंने ग्रामीण बुजुर्ग महिला और कार्यकर्ताओं, बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। और बुजुर्ग सासू मां से आशीर्वाद लेकर गले लगाया। इस दौरान महिलाओं ने बगिया चौक से गृह निवास स्थान तक कलश यात्रा निकाली। उन्होंने वहां पर ग्रामीणों से मुलाकात की और स्वागत सम्मान और प्रेम के लिए धन्यवाद आभार प्रकट किया। इस दौरान

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी की स्वागत करते ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का विकास किया जाएगा और बगिया गांव की महक पूरे प्रदेश में महकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिकता से सड़क सुविधा से वंचित गांवों में सड़क बनाने और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के बगिया गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर शुक्रवार को देर रात गृहग्राम बगिया पहुंची। जिले भर के बीजेपी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों उनका भव्य स्वागत किया। कड़ाके की ठंड की परवाह ना करते हुए भारी संख्या में महिला एवं पुरुष एकत्र हुए थे। गांव में प्रवेश करते ही मैडम सीएम के स्वागत की होड़ लग गई और उन्हें फूल माला से लाद दिया। समूचा बगिया आधी रात के समय विष्णुदेव साय जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। शानदार जबरदस्त स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का आभार जताते हुए कौशल्या देवी साय ने कहा कि विधानसभा में भाजपा की जीत, छत्तीसगढ़ की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की गंगा बहेगी। इसकी शुरुआत केबिनेट की पहली बैठक में हो चुकी है, सरकार ने 18 लाख से अधिक गरीब परिवारों को पीएम आवास की सौगात दे दिया है ।

पत्थलगांव विधायक गोमती साय का प्रथम नगर आगमन आज

पत्थलगांव। विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद नवनियुक्त विधायक गोमती साय का रविवार को नगर आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है जहां पूरे शहर को बैनर पोस्टर से पाट कर नवनियुक्त विधायक का स्वागत के लिए तैयारी की गई है ।

■ स्वागत के लिए शहर में लगे बैनर पोस्टर

नवनियुक्त विधायक गोमती साय ने आठ बार के विधायक को करारी मात देने के बाद पहला नगर आगमन हो रहा है नगर आगमन पर पत्थलगांव के तीनों मार्ग जशपुर रोड, रायगढ़ रोड एवं अंबिकापुर रोड में विजय जुलूस भारी धूमधाम, बाजे गाजे के साथ किया जावेगा।

पारंपरिक शिल्पकारों व कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

जशपुरनगर। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के रूप में केंद्रीय योजना संचालित की जा रही है। 16 अगस्त 2023 को कैबिनेट में लिए गए फैसला अनुसार पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत 13000 करोड़ रु के बजट का प्रावधान किया गया है। जिसमें 18 पारंपरिक व्यवसाय शामिल है। शिल्पकार और कारीगरों को प्रमाणपत्र और आईडीकार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पहले चरण में 1 लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जायगा।

हेमलता बनीं सचिव संघ की ब्लॉक अध्यक्ष

कांसाबेल। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सचिव संघ की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। इसमें हेमलता सिंह रवानी को अध्यक्ष व गणेश प्रसाद यादव उपाध्यक्ष बने हैं। इसी तरह सचिव डिलेश्वर सिंह सिदार, कोषाध्यक्ष अलका खलखो, मीडिया प्रभारी गणेश्वर साय, सह-कोषाध्यक्ष रामकुमार साय बने हैं। रूपनारायण सिदार, रामसेवक यादव व बालमोहन भगत को सलाहकार बनाया गया है। संरक्षक के रूप में रमाकांत वैष्णव, अमर साय सिदार एवं सुदेश्वर साय पैंकरा चुने गए हैं। नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती रवानी ने कहा कि वे संगठन के विकास और उसके हितों के लिए सबके सहयोग से काम करने प्रयासरत रहेंगे।

चरईडॉड़-बगीचा में चल रहा सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

जशपुरनगर। चरईडांड़-बगीचा में चल रहे डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। विगत दिनों कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने निरीक्षण किया था और कार्य के गुणवत्ता की जायजा लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ, उप अभियंता, ठेकेदार को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश थे। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा था। पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चराईडॉड़ से बगीचा सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। चराईडांड़ से बगीचा तक डमरीकरण रोड़ निर्माण किया जा रहा है।

छात्र-छात्राओं को शिष्यवृत्ति की राशि से दिए जा रहे गर्म कपड़े

जशपुरनगर। आदिवासी विकास विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार छात्रावास आश्रम संचालन नियम के तहत सभी अधीक्षक-अधीक्षिकाओं द्वारा शिष्यवृत्ति के 15 प्रतिशत राशि से छात्रावास-आश्रम में निवासरत छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े, साल, गर्म कम्बल तथा आवश्यकता अनुसार स्टेशनरी व अन्य वस्तुएं स्वेटर, टोपी, जूता एवं मोजा छात्र-छात्राओं दिया जा रहा है, शासन द्वारा चलायी गई योजना से छात्रावास आश्रम में निवासरत छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले में संचालित छात्रावास-आश्रम में निवासरत छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

पंजीयन तक सिमटकर रह गया रोजगार दफ्तर

रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने पहुंचे बेरोजगार।

जांजगीर-चांपा । जिले में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण बेरोजगारों का आंकड़ा बढ़ते बढ़ते 1 लाख 49 हजार को पार कर गया है। रोजगार कार्यालय महज बेरोजगारों के पंजीयन तक सिमटकर रह गया है।

बढती जनसंख्या के साथ ही बेरोजगारों भी बड़ी समस्या बन गई है। जिले में वैसे तो कई उद्योग संचालित है। इसके बावजूद यहां बेरोजगारों की फौज कम होने के बजाए उल्टे बढ़ती जा रही है। रोजगार कार्यालय बेरोजगारों के पंजीयन तक ही सिमटकर रह गया है। जिले मे 30 नवंबर तक की स्थिति में 1 लाख 49 हजार 45 शिक्षित बेरोजगारों ने रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया है। इनमें 56 हजार 748 महिलाएं भी शामिल है। बेरोजगारों ने नौकरी की चाह में रोजगार कार्यालय में पंजीयन तो कराया है।

करते है प्रयास

रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने प्रयास किया जाता है। समय समय पर प्लेसमेंट कैंप भी लगवाए जाते है, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

एम.आर.जायसवाल,
जिला रोजगार अधिकारी, जांजगीर

जिले में अब तक 20 हजार से अधिक कृषकों ने की 86 हजार मीट्रिक टन धान की बिक्री

खरीदी में अब आई तेजी, पांच दिन में 15 हजार किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में अब धान खरीदी की रफ्तार में तेजी आ गई है। किसान बडी तादाद में उपार्जन केन्द्रो में धान बेचने पहुंच रहे है। पिछले पांच दिनों के अंदर ही 15 हजार से अधिक किसानों ने 60 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान समर्थन मूल्य पर बेचा है। खरीदी में आई तेजी के साथ ही सरकारी अमला भी अब धान के उठाव और अन्य व्यवस्था को लेकर मुस्तैद हो गया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा 1 नवंबर से प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कृषि प्रधान जिला जांजगीर चांपा में इस बार 5 लाख 58 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। धान बेचने के लिए 1 लाख 21 हजार 822 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। शुरूआती दिनों में धान की आवक केन्द्रों में काफी कम थी। नवंबर माह की समाप्ति तक 50 उपार्जन केन्द्रों में बोहनी तक नहीं हो सकी थी। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने का किसान इंतजार कर रहे थे। इसके बाद मौसम में आई खराबी के कारण किसान धान नहीं बेच पा रहे थे। शनिवार 9 दिसंबर तक जिले में 5 हजार 724 किसानों ने 22

हजार 807 मीट्रिक टन धान बेचा था। इसके बाद सोमवार 11 दिसंबर से धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की भीड़ लगने लगी। पांच दिनों के अंदर ही 15 हजार से अधिक किसानों ने 60 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा। इस तरह जिले में अब तक 20 हजार 769 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। किसानों से 86 हजार 589 मीट्रिक टन धान की खरीदी शुक्रवार 15 दिसंबर तक की जा चुकी है। खरीदी केन्द्रों में अब प्रतिदिन बडी संख्या में किसान अपना धान लेकर पहुंच रहे है। वहीं बहुत से किसान धान बेचने के लिए टोकन भी कटवा रहे है। धान की आवक बढ़ने से सरकारी अमला भी अब उठाव और अन्य व्यवस्था को लेकर मुस्तैद नजर आ रहा है।

करा रहे उठाव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य में अब तेजी आ गई है। पिछले कुछ दिनों से धान बेचने के लिए बड़ी संख्या में किसान उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे है। धान की आवक बढ़ने के साथ ही नियमित उठाव किया जा रहा है। लगातार मिलर्स को डीओ जारी किया जा रहा है।

-गजेन्द्र राठौर, डीएमओ जांजगीर चांपा

अधिकारी भी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश दे रहे है। कलेक्टर के अलावा प्रशासन के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर रहे है।

छात्र असीम तिग्गा का सीआइएसएफ में चयन

जशपुरनगर। डीएमएफ मद अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के छात्र असीम तिग्गा का चयन सी आ इ ए स ए फ (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में फायरमैन के रूप में हुआ है। इस पद में चयन लिए उन्हें कड़ी शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं मेडिकल से गुजरना पड़ा। जनरल ड्यूटी सिपाही की तैयारी कर रहे छात्रों में सीआईएसएफ में जाने हेतु विशेष आकर्षण रहता है। इसमें ड्यूटी सिर्फ मेट्रो सिटी, एअरपोर्ट और सार्वजनिक उपक्रम जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में ही लगती है। संस्थान के छात्र असीम ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और संस्थान के मार्गदर्शन से इन सभी बाधाओं को पार करने में सफलता पाई है। असीम जशपुर जिले के ग्राम तमामंडा विकासखंड फरसाबहार के रहने वाले हैं। उन्होंने नवसंकल्प संस्थान में मई 2023 से सितम्बर 2023 तक 4 महीने की आवासीय व्यवस्था में रह कर तैयारी की थी । उनकी बेसिक ट्रेनिग फरवरी माह से राजस्थान में शुरू होगी। असीम की इस सफलता में संस्थान के सभी शिक्षक एवं प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी।

चरित्रशंका पर पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

जांजगीर-चांपा । चरित्र शंका को लेकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने उक्त फैसला सुनाया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत अवरीद गांव का है।

इस संबंध में अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार अवरीद निवासी गंगाराम श्रीवास अपनी पत्नी संगीता श्रीवास के चरित्र पर शंका करता था और इसी बात को लेकर उसके साथ हमेशा गाली गलौच कर मारपीट करता था। गंगाराम ने 11 मार्च 2021 को भी घर में उसी बात को लेकर अपनी पत्नी संगीता श्रीवास को घर में रखे बांस के डंडा से मारपीट की। संगीता को गंभीर चोट आई और वह घटना स्थल पर हीबेहोश होकर गिर गई। संगीता श्रीवास को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय जांजगीर लाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने गंगाराम श्रीवास के विरूद्ध धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध कर मामले का अन्वेषण किया। गंगाराम को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण कर पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। सत्र न्यायालय जांजगीर में मामले की सुनवाई हुई। सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने 32 वर्षीय गंगाराम श्रीवास पिता संतोष श्रीवास को धारा 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। आरोपी द्वारा अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर 1 माह के सश्रम कारावास की सजा भुगताये जाने का आदेश दिया गया है।

आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्य अतिथि गृह पहुना में मेजबान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हैं और पहुना है प्रदेश भर से आने वाले उनके आत्मीय स्नेहीजन। हर स्नेहीजन से मुख्यमंत्री पहुना में बेहद आत्मीयता से मिल रहे हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री के गांव के निकट भीतघर से उनसे मिलने जागेश्वर राम पहुंचे। जागेश्वर राम कभी चप्पल नहीं पहनते, वे कपड़े भी मामूली ही पहनते हैं। वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने जब पहुना पहुंचे तो वे बैरिकेड के उस पार थोड़े से संकोच के भाव से अपनी बारी का इंतजार करते खड़े हो गए।

सीएम से मिलने रायपुर पहुंचे जागेश्वर राम।

मुख्यमंत्री श्री साय जब आए तो परिचितों से भेंट करते वक्त उनकी नजर दूर खड़े जागेश्वर राम पर पड़ी। उन्होंने जागेश्वर को आवाज लगाईऔर आत्मीयता से उन्होंने पुकारा। आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ। फिर उन्होंने जागेश्वर राम को गले लगाया, पूरे समय साथ ही रहे और समय-समय पर आत्मीय चर्चा करते रहे। जागेश्वर ने उन्हें कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने के निर्णय पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सरगुजा संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति के हजारों बिरहोर लोगों को आवास मिलने का रास्ता खुल गया है जो घास-फूस की झोपड़ियों में हर साल सरगुजा की कड़ी सर्दी गुजारते हैं। दरअसल जागेश्वर राम और मुख्यमंत्री श्री साय के बीच आत्मीयता की जो कड़ी जुड़ी, वो प्रदेश की अति पिछड़ी जनजाति मानी जाने वाली बिरहोर जनजाति की वजह से जुड़ पाई। जागेश्वर राम महकुल यादव जाति से आते हैं। अपने युवावस्था के दिनों में जब पहली बार वे बिरहोर जनजाति के संपर्क में आए तो इस विशेष पिछड़ी जनजाति की बेहद खराब स्थिति ने उन्हें दुखी कर दिया था,शेष दुनिया से कटे थे। शिक्षा नहीं थी, वे झोपड़ियों में रहते थे। स्वास्थ्य सुविधा का अभाव था।

पृष्ठ 1 का शेष

प्रधानमंत्री ने विकसित...

लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। रायगढ़ जिले के सात विकासखण्ड सहित नगरीय क्षेत्र के लिए एक वैन मिलेंगे। वर्तमान में 4 वैन आ चुके है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया है, जो बनाए गए निर्धारित रूट चार्ट के हिसाब चलेगी। यह कार्यक्रम आगामी 24 जनवरी आयोजित होगी। जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे.स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवासए खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधाए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं.मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रबन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

मुंबई। देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

लाइफ Style

जाह्नवी

छोटी बहन को दी सलाह

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारेगट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

हॉलीवुड मसाला

ब्वॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

लॉस एंजेलिस। दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।

माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

लॉस एंजेलिस। एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।

कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट

मुंबई। रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

मुंबई। फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

टीवी मसाला

सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

मुंबई। कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार

टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका

मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ

मुंबई। एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।

जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

मुंबई। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा

एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने फसल बीमा रथ को किया रवाना

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत उद्यानिकी फसल के लिए तैयार की गई वाहन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा कि सभी किसान कृषि और उद्यानिकी फसलों का बीमा अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक कराएं। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कृषि फसल से संबंधित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

स्पाइनल एनेस्थीसिया से बचाई मरीज की जान

रायगढ़। फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल में जमुना बाई बदला हुआ नामद्ध नाम की महिला मरीज़ भर्ती हुई थी जिसकी उम्र 70 साल है जिनके जांघ की हड्डी टूटी हुई थी जिसका इलाज ऑपरेशन के द्वारा ही संभव था परंतु मरीज़ को ब्लड प्रेशर और मधुमेह की शिक़ायत थी और इनका दिल केवल 40 प्रतिशत ही काम कर रहा था दिल के इस हालत को देखते हुए डॉ. धर्मेन्द्र चौबे भारत सहित अन्य देशों को मिलाकर कुल 30 वर्षों का अनुभव के द्वारा विशिष्ट तरह का एनेस्थीसिया दिया गया छत्तीसगढ़ में इस अनोखी तकनीक का इस्तेमाल पहली बार फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल में किया गया है इसको कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया कहा जाता है एनॉर्मल एनेस्थीसिया की तुलना में इस एनेस्थीसिया में बहुत कम दवाई का उपयोग किया जाता है इस कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया विधि के द्वारा यदि ऑपरेशन की अवधि लंबी भी हो जाए तो इस एनेस्थीसिया अवधि को कितना भी बढ़ाया जा सकता है पूरे ऑपरेशन के दौरान महिला पूरे होश में बातें कर रही थी एवं इतनी गंभीर बीमारियों के बावजूद उनके सभी पैरामीटर पूरी तरह सामान्य थे, डॉ धर्मेंद्र चौबे को दुबई में कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया का प्रयोग करने का अनुभव रहा है भारत में यह तकनीक डॉ धर्मेंद्र चौबे द्वारा प्रथम बार सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया जिसके फलस्वरूप मरीज का सफल ऑपरेशन कर आसानी से मरीज की जान बचाई गई।

वार्ड 4 के बस स्टैण्ड में नाली जाम

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर, वार्ड क्रमांक 4 के बस स्टैण्ड में कई वर्ष पूर्व पीडब्लूडी विभाग द्वारा नाली निर्माण कराया गया है जिसकी साफ सफाई लोगों के मांग पर नगर पंचायत पुसौर द्वारा आए दिन किया जाता रहा है। उक्त नाली के रास्ते को बस स्टैण्ड का एक रहवासी अपना मकान बनाते समय पाट दिया है जिससे नाली में गंदा पानी लबालब भरा हुआ है इसकी सूचना वार्ड वासियों ने नगर पंचायत को दिए हैं जो अब तक बे नतीजा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त नाली आये दिन बरसात में जाम हो जाता है जिसकी सफाई नगर पंचायत द्वारा किया जाता है लेकिन नाली को पुरी तरह पाट दिए जाने से नगर पंचायत प्रबंधन को इसकी सफाई के लिये काफी समय लग सकता है।

समान कार्य समान वेतन व पेंशन सहित अन्य मांगों पर डटे

सात सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल जारी, काम-काज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण डाक सेवकों द्वारा बीते करीब छह दिनों से 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। ग्रामीण डाक सेवक समान कार्य समान वेतन, 8 घंटे कार्य, पेशन सहित कई लंबित मांगों की पूर्ति के लिए हड़ताल कर रहे हैं। इनके हडताल से कई तरह का कार्य प्रभावित हो रहे है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे काफी लंबे समय से 8 घंटे कार्य अवधि, समान कार्य समान वेतन, पेंशन सहित कई मांगों को लेकर प्रदर्शन करते चले आ रहे हैं। किंतु अब तक इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया है। यही वजह है कि उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूख इख्तियार किया है। उन्होनें बताया कि अब तक कमलेश कमेटी की सिफारिश यहां लागू नहीं किया गया है, जबकि 8 वर्ष पहले ही इसे मंजूरी मिल चुकी है। ग्रामीण डाक सवेक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ 3 फीसदी, से बढ़ाकर 10 फीसदी करने व ग्रामीण डाक सेवक को पेंशन की मांग की जा रही है। ग्रामीण डाक सेवकों को सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को कर कार्यभार गणना करने की मांग की जा रही है। व्यवसायिक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण डाक सेवकों को उनके स्वयं के मोबाइल सहित अन्य उपकरणों को उपयोग करना पड़ता है। समान कार्य समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 5 घंटे का टीआरसीए तथा नियमित वेतन भोगी कर्मचारियों की तरह वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग की जा रही है। कार्यालय में लैपटॉप, प्रिंटर आदि की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी इसमें शामिल है। अहम बात यह है कि सभी ग्रामीण डाक सेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने की वजह से डाक विभाग के कई कार्य नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार आरडी, सुकन्या समृद्धि योजना, बजत योजना, रोजगार गारंटी सहित तमाम कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

अनिशिचित कालीन हड़ताल पर बैठे डाक सेवक।

पीएम आवास के फैसले को बताया ऐतिहासिकः शकील

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी दी है।

इस प्रथम निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार बनते ही प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास को बनने से रोक दिया था जिससे प्रदेश के लाखों गरीब परिवार को आवास से वंचित होना पड़ा था, किसी का एक क़स्ति तो किसी का दो क़स्ति मिलने के बाद अगले क़स्ति की राशि के लिए 5 साल तक दर दर भटकते रहे परन्तु अधूरे आवास की राशि नही मिल पाई और न ही नए पीएम आवास की मंजूरी मिल पाई। समूचे प्रदेश में भूपेश सरकार द्वारा सभी मूलभूत कार्यए बिजली,सड़क, पानी, पुल पुलिया के सभी विकास कार्य पर रोक लगा दिया गया था परंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब साय कैबिनेट के इस फैसले से प्रदेश के हर समाज के गरीबों का पक्के का घर का सपना अब साकार होगा।

अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने आगे कहा की विगत 5 साल से विकास की बाँट जोह रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश के हर विधानसभा एवं अंतिम छोर में बसे गांव में अब विकास की गंगा बहेगी। फिर से छत्तीसगढ़ अग्रणी एवं विकसित राज्यों की गिनती में रहेगी क्योंकि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है और भाजपा ही संवारेगी। अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी एक है भाजपा का वादा था शपथ ग्रहण करते ही गरीबों का आवास तत्काल स्वीकृत किया जाएगा। प्रदेश के हर गरीब के लिए अपना घर भाजपा का संकल्प है और इसे भाजपा ने पूरा किया है।

कोटवारों के प्रति हो रहा सौतेला व्यवहार

पुसौर। पुसौर तहसील क्षेत्र में 228 कोटवार हैं जो प्रदेश के अन्य कोटवारों की तरह सेवा भूमि एवं प्रतिमाह आंशिक मानदेय 3000 रूपये के एवज में काम कर रहे हैं। उक्त कोटवारों को शासन और समाज के मुर्धन्य लोगों द्वारा काम लिया जाता रहा है जिसमें चुनाव कार्य को छोड किसी में पारिश्रमिक की व्यवस्था नहीं है। कोटवारो को थाना व तहसील दोनों स्थानों में उपस्थिति देना होता है जिससे आए दिन इनका कोपभाजन बनना पडता है। सेवा भूमि से फसल लेने अथवा घरेलु आकस्मिक कारण के बीच किसी शासकीय कार्य में अनुपस्थित होने पर प्रशासनिक अमलों द्वारा इन्हें तरह तरह की प्रताडना सहना पडता है इसके बावजुद भी परंपरा को बरकरार रखने कोटवार गण काम कर रहे हैं। बेरियर में ड्यूटी, धान खरीदी केन्द्र में ड्यूटी, ग्राम के अन्य प्रकार के कार्यो में ड्युटी सहित अन्य शासकीय कार्यो में कोटवारों का ड्यूटी लगती रहती है। इतने सारे ड्युटी को संपन्न कराने के बावजूद भी जिले के कोटवारों को कारण बताओं नोटिस के साथ निलंबन व वेतन काटने की नोटीस वार्टसप के जरिए जारी किया जा रहा है जबकि ज्यादातर कोटवार कम पढे लिखे होने के कारण एनराईड मोबाईल नहीं चलाते। जानकारी के मुताविक कोटवारों को मिल रहे मानदेय भी नियमित रूप से नहीं मिल रहा है इस मानदेय के लिए भी कानुन गो के समक्ष कोटवारों को गिडगिडाना पडता है। उक्ताशय को लेकर जिला कोटवार संघ के पदाधिकारियों ने रायषुमारी कर एक आपात बैठक आहूत करने के मुड में हैं जो कलेक्टर को ज्ञापन देगे जहां न्याय नहीं मिलने की स्थिति में हडताल का राष्ता अपनायेंगे।

उपज मंडी पुसौर के लिए लिए निरूपयोगी

पुसौर। तहसील मुख्यालय पुसौर में कृषि उपज मंडी प्रबंधन द्वारा पिछले कई वर्षो से इन्द्र प्रस्थ स्टेडियम के बगल में लगभग 3 एकड भूमि में सेड, गोदाम, दुकान और अहाता निर्माण करते हुए चाक चौबंध व्यवस्था किया गया है जिसमें अब तक किसी किसान, बेरोजगार व्यक्ति सहित आम जनों को किसी भी प्रकार का कोई लाभ नहीं पहुंचा है। कुछ वर्ष पहले बने हुए दुकानों की निलामी की गई थी इसके बावजूद भी बने हुए 12 दुकाने बंद हैं वहीं गोदाम का भी अब तक कोई उपयोग नहीं किया गया है। इसी तरह का एक गोदाम कसेरा भवन के पीछे भी बना हुआ है जो इन दिनों लावारिस मवेशियों का अड्डा बन चुका है। कृषि उपज मंडी द्वारा बने हुए सेड और कार्यालय भवन का उपयोग सेवा सहकारी समिति पुसौर द्वारा धान खरीदी के लिए साल में 4 माह उपयोग किया जाता है शेष समय में यह खाली पडा रहता है। ज्ञात हो कि पुसौर क्षेत्र के किसानों को साग सब्जी का बाजार दिलाने कृषि उपज मंडी समिति द्वारा स्थापना की गई थी जहां उक्त किसानों को प्रोत्साहित करने उक्त समिति द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाए।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन सॉफ्टवेयर एडिशन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 19 से

रायगढ़। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 19-20 दिसंबर के दौरान किया जायेगाए जिसमे पूरे भारत से कुल 26 टीम्स और 200 से अधिक प्रतियोगी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरडी पाटीदार ने बताया की 19 दिसंबर से 20 दिसंबर तक होने वाले स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के छठे संस्करण के ग्रैंड फिनाले के लिए ओपीजेयू नोडल केंद्र के रूप में चुना गया है।

ओपीजेयू को नोडल केंद्र के रूप में चयनित करने के लिए कुछ दिनों पूर्व सम्बंधित अधिकारियों ने कैंपस विजिट किया और विश्वविद्यालय में उपलब्ध पर्याप्त सुविधाओं के आधार पर नोडल केंद्र के रूप में इसका चयन किया। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल की एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जो छात्रों को सरकारी निकायों, मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों और संगठनों द्वारा उत्पन्न वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में 44,000 से अधिक टीमों द्वारा 50,000 से अधिक विचार प्रस्तुत किए गए है।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन ग्रैंड फिनाले के दौरान, छात्र टीम चयनित प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए कार्यशील समाधान तैयार करने के लिए सलाहकारों और उद्योग मंत्रालय प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में चौबीसों घंटे काम करती है। ओपीजेयू में यह प्रतियोगिता 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे शुरू होगी और 20 दिसंबर को रात 9 बजे समाप्त होगी। सभी प्रतियोगी दल दो दिनों तक अनवरत 15 जजों एवं मेंटर्स के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए पूरे भारत में कुल 47 नोडल केंद्र हैं और ओपीजेयू उनमें से एक है। इस प्रतियोगिता में ओपीजेयू से चार टीम्स को चुना गया है और वे विभिन्न नोडल सेंटर्स में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

■ देशरभर से कुल 26 टीमें होगी शामिल

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन के ग्रैंड फिनाले के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरडी पाटीदार एवं सभी सदस्यों को बधाई दिया और प्रतियोगिता में शामिल हो रहे सभी प्रतियोगियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त किया। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन प्रतियोगिता के लिए डॉ आरएन शुक्ल के संयोजकत्व में फैकल्टी और छात्रों की आयोजन समिति बनाई गयी है और विश्वविद्यालय 19 दिसंबर से आरम्भ होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस प्रतियोगिता का उदघाटन 19 दिसंबर को सुबह 8. 30 बजे श्री आनंद कुमार चंदनानी एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, स्ट्रक्चरल स्टील डिवीजन. उत्पादन और संचालन . पुंजीपथरा डॉ. निखिल कांत उप निदेशक, एआईसीटीई, नई दिल्ली, शंकर वेणुगोपाल उपाध्यक्ष, महिंद्रा एंड महिंद्रा, चेन्नई, मृत्युंजय सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंफोसिस, पुणे, महाराष्ट्र एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरडी पाटीदार की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के संयोजक ने बताया की प्रतियोगिता में शामिल टीम्स को पांच प्रॉब्लम स्टेटमेंट को हल करना होगा। इससे छात्रों को लोगों के दैनिक जीवन की कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने का अवसर मिलेगा।

ज्ञातव्य हो कि रायगढ़ के पूंजीपथरा स्थित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की स्थापना 2014 में राज्य बिल अधिनियम 13 देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह जिंदल ग्रुप द्वारा देश और विदेश के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। विश्वविद्यालय विश्व स्तर के पाठ्यक्रम विश्व स्तरीय शिक्षक, आधुनिक शिक्षण विधियाँ, अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे और शिक्षार्थियों को एक जीवंत परिसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह विश्वविद्यालय इस्पात प्रौद्योगिकी और प्रबंधन की विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए डेडिकेटेड रूप से कार्य कर रहा है।

ओपी विद्यालय तराईमाल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने लिया भाग

रायगढ़। खेल भावना व्यक्ति को कभी भी जीवन की किसी भी समस्या को छोड़ने नहीं देती। खेल दिवस समारोह का आयोजन विद्यालय के सभी खिलाड़ियो के अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना और सफलता अर्जित कराना है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में 14 दिसंबर गुरूवार को वार्षिक खेल दिवस समृद्धि का उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका गोडबोले ने मुख्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ एवं बैच प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या मुख्य अतिथि एसएस राठी सर नलवा स्टील एवं पावर लिमिटेड प्लांट के प्रबंधक माता सरस्वती एवं स्व. ओम प्रकाश जिंदल जी के छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर दीव प्रज्जवलित कर किए। छात्रों द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान स्वागत गीत एवं नृत्य ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात शक्ति और सामथ्र्य के प्रतीक के रूप में चंद्रयान के प्रतिरूप में गुब्बारे उडाए गए। चारों सदनो एवं रेड क्रास का अनुषासित एवं शानदार मार्चपास्ट हुआ। इस दिन का एक और आकषर्ण मशाल की रोशनी थी, जिन्हें विद्यालय के प्रतिनिधि छात्रों प्राचार्या महोदया एवं मुख्य अतिथियों ने प्रज्जवलित कर पवित्रता का संदेष दिए। इस अवसर पर प्राचार्या ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। साथ ही वर्षभर आयोजित की गई विभिन्न खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यायर्थियों को जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि खेल हमें फिट रहने, सक्रिय रहने, अनुशासन, आत्मविश्वास के साथ टीम भावना पैदा करने में मदद करते है। खेल दिवस समारोह की सबसे की सबसे रोमांचक प्रस्तुति किंडर गार्डन प्री प्राइमरी विंग के छात्रों के खेल, सदन का रिले दौड़, रस्साकशी, अभिभावको के खेल और अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच के खेल आदि रहे। गैर भागीदारी वाले छात्रों के अलावा अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के लिए उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाल विद्यार्थियों को मेडल पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान से हुआ। इस खेल दिवस ने सभी के हृदय में एक शानदार छाप छोड़ी तथा सभी को स्वस्थ रहने की प्रेरण देते हुए यह खेल दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का दूसरा दिन विज्ञान प्रदर्शनी का रहा। प्रतिवर्ष की परंपरा को निरंतर रखते हुए सुबह की शीतल वातावरण में विज्ञान प्रदर्षनी का आयोजन किया गया। जिसमे डा. प्रमोद कुमार गवेल किरोडीम़ल शासकीय कला एवं विज्ञन महाविद्यालय रायगढ़, सहायक प्रोफेसर रसायन विज्ञान एवं अंकिता सिद्धार्थ किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ सहायक प्रोफेसर भौतिकी विज्ञान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडली के रूप में उपस्थित रहे।

झारखंड के सिमडेगा में मिली लापता बालिका, किया परिजन को सुपुर्द

रायगढ़। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर द्वारा धारा 363 आईपीसी के लंबित अपराधों की केस डायरी की समीक्षा कर विवेचकों से प्रगति रिपोर्ट ली गई जिसमें 24 नवंबर को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र से लापता हुई किशोर बालिका के मामले में जांच दौरान जानकारी मिली कि गुम बालिका द्वारा किसी अंजान नंबर से कॉल कर उसके घर वालों को झारखंड में होना बताई थी, जिसके बाद वह मोबाइल नंबर बंद था। थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा उक्त नंबर का पूरा डिटेल निकलवाकर सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी के नेतृत्व में टीम तैयार कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर गुम बालिका पतासाजी के लिए पुलिस टीम झारखंड रवाना किया गया। टीम द्वारा बालिका की पतासाजी करते हुए झारखंड के जिला सिमडेगा पहुंची। जहां थाना पाकरटांड गांव में गुम बालिका मिली। बालिका से पूछताछ करने पर बताई कि उसके माता पिता आए दिन घर में झगड़ा विवाद करते थे, घरेलू झगड़ा विवाद से परेशान होकर अपने परिचित के घर सिमडेगा आ गई थी। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा बालिका का काउंसलिंग कराकर उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया है।

लोहे के एंगल की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। एसईसीएल छाल के क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी द्वारा लोहे के एंगल की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद छाल पुलिस ने चोरी गए समान सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में रमेश दास महंत द्वारा थाना छाल में 14 दिसंबर की रात्रि छाल उपक्षेत्र में एसईसीएल के बंद पडे सीएचपी में एक व्यक्ति गैस कटर से लोहे के कल पूर्जो को काटते चोरी करते समय त्रिपुरा स्टेट रायफल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा पकड़े जाने के सबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना छाल में पकड़े गए आरोपी रवि चौहान पर धारा 379, 511 के तहत अपराध कायम कर छाल पुलिस द्वारा आरोपी रवि चौहान पिता गंगाधर चौहान उम्र 39 साल निवासी बुधवार चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा छत्तीसगढ़ को हिरासत में लिया गया जिससे 01 एलपीजी गैस सलेण्डर, 01 नग आक्सीजन सलेंण्डर, 01 नग गैस कटर पाईप जब्त किया गया है। आरोपी रवि चौहान को छाल पुलिस द्वारा शुक्रवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।